<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा की 36वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन

सीएमडी ने वित्तीय वर्ष 23 में अब तक की सबसे अधिक ऋण मंजूरी, संवितरण और लाभ के बारे में प्रकाश डाला

नई दिल्ली, 30 जून, 2023

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में अपनी 36वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की। एजीएम के दौरान उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक खातों को अपनाया गया।

शेयरधारकों को संबोधित करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने वित्तीय वर्ष 23 के दौरान असाधारण प्रदर्शन का अवलोकन शेयर किया। उन्होंने कहा की "इरेडा ने अपनी अब तक की सबसे अधिक वार्षिक ऋण मंजूरी, ऋण संवितरण, ऋण बुक , लाभ, और नेटवर्थ पूरी की है। । उन्होंने वित्तीय वर्ष 23 के दौरान कंपनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन का एक स्नैपशॉट प्रदान किया:

• **₹32,586.60 करोड़ की ऋण मंजूरी** (वित्तीय वर्ष 22 की तुलना में 36.23% वृद्धि)

• **₹21,639.21 करोड़ का ऋण संवितरण** (वित्तीय वर्ष 22 की तुलना में 34.65% की वृद्धि)

• **₹47,076 करोड़ की ऋण बुक** (वित्तीय वर्ष 22 की तुलना में 38.75% की वृद्धि)

• **₹1,139.25 करोड़ कर पूर्व लाभ और ₹864.63 करोड़ कर पश्चात लाभ** (वित्तीय वर्ष 22 की तुलना में क्रमशः 36.63% और 36.48% वृद्धि)

• **₹5,935.17 करोड़ नेट वर्थ** (वित्तीय वर्ष 22 की तुलना में 12.66% वृद्धि)

इरेडा के सीएमडी ने मजबूत परिसंपत्ति गुणवत्ता बनाए रखने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने एक संरचित वसूली और निगरानी प्रणाली के कार्यान्वयन पर प्रकाश डाला, जिसमें मासिक आंतरिक स्थिति समीक्षा और उधारकर्ताओं के साथ त्रैमासिक बातचीत शामिल है। इसके परिणामस्वरूप, इरेडा ने ₹202.43 करोड़ की वसूली करते हुए 18 गैर-निष्पादित परियोजना ऋण खातों को सफलतापूर्वक बंद या अपग्रेड कर दिया । इन प्रयासों ने वित्तीय वर्ष 23 के अंत में एनपीए अनुपात में बेहतर सुधार में योगदान दिया:

• **3.21% सकल एनपीए**, वित्तीय वर्ष 22 में 5.21% की उल्लेखनीय कमी ।

• **1.66% नेट एनपीए**, वित्तीय वर्ष 22 के दौरान 3.12% की पर्याप्त कमी को दर्शाता है ।

सीएमडी ने आगे बताया कि अपने प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन के साथ-साथ, इरेडा वित्तीय उत्पादों के लिए उनकी बढ़ती आवश्यकताओं को पहचानने के लिए हरित ऊर्जा डेवलपर्स के साथ सक्रिय रूप से साझेदारी करने के लिए लगा हुआ है। कंपनी का लक्ष्य नए उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है और उसने पहले ही उभरते क्षेत्रों जैसे ई-मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन ट्रांसमिशन आदि के लिए वित्तपोषण समाधान लॉन्च कर दिए हैं।

इरेडा कुशल और नैतिक व्यावसायिक प्रणालियों को सुविधाजनक बनाने के लिए कॉर्पोरेट प्रशासन, पारदर्शिता और व्यावसायिक नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्तीय वर्ष 23 में, इरेडा ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 25 दिनों के भीतर अपने वार्षिक लेखापरीक्षित परिणाम प्रकाशित करने वाला पहला केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) बनकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि सेबी ऐसे खुलासों के लिए 60 दिनों की अवधि की अनुमति देता है।

इरेडा ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 90 दिनों के भीतर अपनी एजीएम आयोजित करने की एक उल्लेखनीय मिसाल भी कायम की है। यह इरेडा की सुव्यवस्थित आंतरिक प्रक्रियाओं, डिजिटलीकृत डेटा प्रबंधन और सुशासन सिद्धांतों और प्रणालियों का प्रमाण है।